**24/07/2025**

आकाशवाणी ईटानगर

भारत और ब्रिटेन ने आज एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए। अपने प्रेस वक्तव्य में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज का दिन भारत-ब्रिटेन द्विपक्षीय संबंधों में एक ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद, दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता संपन्न हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि यह समझौता भारत और ब्रिटेन की साझा समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करता है और विशेष रूप से भारत के युवाओं, किसानों, मछुआरों एवं एमएसएमई क्षेत्रों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा।

0000000000000000000000

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 का अनावरण किया। इस अवसर पर बोलते हुए, श्री शाह ने कहा कि यह नीति विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि इस नीति का उद्देश्य जमीनी स्तर पर एक रोडमैप तैयार करके सहकारिता के माध्यम से समृद्धि के दृष्टिकोण को साकार करना है।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी.परनाइक ने आज ईटानगर में स्टेट पब्लिक वोर्क्स डिपार्टमेंट के इंजीनियर्स के लिए दो दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

अपने संबोधन में, राज्यपाल ने इंजीनियर को राज्य की विकास का बेकबोन कहते हुए राज्य के बुनियादी ढाँचे एवं भविष्य को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन लोक निर्माण विभाग के विजिलेंस एण्ड ट्रैनिंग विंग और इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस, अरुणाचल प्रदेश सेंटर द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

0000000000000000000000

शिक्षा मंत्री पासांग दोरजी सोना ने आज बेंगलुरु में इंडिया इंटरनेशनल ट्रैवल मार्ट 2025 का उद्घाटन किया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट सझा करते हुए श्री पासांग में कहा कि, यह मंच पर्यटन क्षेत्र के लीडर्स, स्टेकहोल्डर्स और इनोवेटर्स को एक मंच में लाना है ताकि भारत के यात्रा और आतिथ्य क्षेत्र को मज़बूत करने वाले सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने बताया कि अरुणाचल प्रदेश भी इस मार्ट में भाग ले रहा है।

0000000000000000000000

यूनाइटेड तानी आर्मी से जुड़े, राज्य के दो गुमराह युवाओं ने आज अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया और मुख्यधारा में शामिल होने के लिए भूमिगत गतिविधियों को त्यागने का फैसला किया। डीजीपी आनंद मोहन ने युवाओं को राष्ट्र-विरोधी रास्ते छोड़कर शांति और प्रगति की राह पर चलने के लिए बधाई दी। उन्होंने अन्य गुमराह युवाओं से हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में वापस आने की अपील की।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग, ईटानगर ने कम्पोरिजी क्षेत्र के रेपारी गाँव में याजिक हुई पेगमीर पर उसके पति पेगमीर कासा द्वारा दाव से किए गए अमानवीय और जानलेवा हमले की निंदा की है। आयोग ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया है और कामले जिले के पुलिस अधीक्षक से इस क्रूर हमले में शामिल अपराधी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध करते हुए पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए निष्पक्ष जाँच का आग्रह किया है। इस बीच, सातवें आयोग की चैयरपर्सन यालेम तागा बुरांग के नेतृत्व में आयोग ने पीड़िता से मुलाकात की और तत्काल राहत के रूप में, चैयरपर्सन ने पीड़िता को अपना पहला वेतन दान किया।

0000000000000000000000

कृषि मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू ने कल दोईमुख स्थित भारतीय स्टेट बैंक के रीजनल बिज़नेस ऑफ़िस द्वारा आयोजित मानसून क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम के दौरान राज्य भर के 282 लाभार्थियों को 28.17 करोड़ रुपये के एग्रीकलचर लॉन वितरित किए। वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और स्थायी कृषि आजीविका को मज़बूत करने के उद्देश्य से आयोजित इस पहल के तहत राज्य के विभिन्न ज़िलों के किसानों, स्वयं सहायता समूहों और युवा उद्यमियों को 50 स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए।

0000000000000000000000

दिबांग वैली जिला प्रशासन ने सभी विभागाध्यक्षों, कार्यालयों, निजी स्कूलों और सरकारी प्रतिष्ठानों को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण, पोक्सो अधिनियम और बाल अधिकारों के महत्व के बारे में जागरूकता अनिवार्य रूप से फैलाने का निर्देश दिया है। जिला प्रशासन ने स्थानीय समुदायों से बच्चों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने में सहयोग करने का आग्रह भी किया है।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 11 जिलों ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, अपर सुबनसिरी, लोअर सुबनसिरी, पापुम पारे, अपर सियांग, वेस्ट सियांग, अंजाव, लोहित और चांगलांग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों में गरज़ के साथ बिजली गिरने और तेज बारिश होने की सभावना है।

0000000000000000000000

कामले पुलिस द्वारा कल कामले स्थित वी.के.वी. स्कूल में ड्रग एवेर्नेस कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसके तहत नशीली दवाओं के दुरुपयोग के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला गया तथा युवाओं से नशीली दवाओं को ना कहने और जीवन को हां कहने का आग्रह किया गया।

0000000000000000000000

विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के बाद संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

लोकसभा को पहले दोपहर 2 बजे तक के लिए और फिर भोजनावकाश के बाद पुनः समवेत होने पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया।

0000000000000000000000